सेवानिवृत्त की भी सुनिये साहब

वाराणसी : आल इंडिया भारत संचार निगम लिमिटेड रिटायर्ड एसोसिएशन के सदस्य बुधवार को बीएसएनएल के महाप्रबंधक केपी सिंह से मिले।

जीएम से कहा गया कि सेवानिवृत्त कर्मियों की भी सुनिये और उनकी समस्याएं दूर कराएं। जीएम से चिकित्सा के बाबत कैश-लेस इलाज की व्यवस्था देने की मांग की गई। साथ ही बनारस के कुछ क्षेत्रों में सेलफोन का नेटवर्क और दुरुस्त करने की भी मांग की गई। कहा कि इससे सेवानिवृत्त कर्मियों को काफी सुविधा होगी। बीएसएनल के महाप्रबंधक से मिलने वालों में यादअली, एएस गौड़, केसी श्रीवास्तव, राकेश सिन्हा आदि शामिल रहे।